मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में युवकों के लिए रोजगार के अवसर

1021. श्री दिलीप सिंह जूदेव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के युवकों के लिये रोजगार के अवसर पैदा करने के संबंध में कोई विशेष योजना बनाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपरोक्त योजना कब तक क्रियान्वित किये जाने की सम्भावना है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) से (ग) मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में युवकों के लिए रोजगार अवसरों के सृजन की कोई योजना सरकार के पास विचाराधीन नहीं है । फिर भी, सरकार मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में निम्नलिखित रोजगार सृजन योजनाएं कार्यान्वित कर रही है ।

(1) ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना

इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के 18-35 वर्ष की उम्र वाले युवाओं को कृषि संबद्ध क्षेत्रों एवं उद्योग के विस्तृत क्षेत्रों में स्वरोजगारोन्मुखी होने के लिए योग्य बनाने हेतु तकनीकी और उद्यम कुशलता प्रदान करना है । इस योजना के तहत, चयनित युवाओं में से कम से कम 50% अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों से होने चाहिये । योजना आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान जारी रहेगी ।

(2) जवाहर रोजगार योजना

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार एवं अल्परोजगार वाले व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त लाभप्रद रोजगार सृजित करना है । योजना के अंतर्गत लक्षित समूह गरीबी रेखा से नीचे वाले लोग हैं जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति और मुक्त बंधुआ मजदूरों को प्राथमिकता दी जाती है । हाल ही में मध्य प्रदेश के 17 जिलों जहां बेरोजगारी और अल्प-रोजगारी की बहुतायत है, सहित 120 पिछड़े जिलों में एक गहन जवाहर रोजगार योजना कार्यान्वित की जा रही है ।

(3) सुनिश्चित रोजगार योजना

यह योजना मध्य प्रदेश के 223 खण्डों सहित सभी 1,752 पुनर्गठित सार्वजनिक वितरण प्रणाली वाले खण्डों में अक्तूबर, 1993 में आरंभ की गयी । इस योजना का उद्देश्य रोजगार की आवश्यकता वाले ग्रामीण गरीबों को 100 दिन का अकुशल शारीरिक श्रम प्रदान करना है ।

Allocation of Funds under the JRY for Rural Development in M.P.

1022. SHRI DILIP SINGH IUDEV : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) what is total amount so far provided to Madhya Pradesh during 1991-92, 1992-93, 1993-94, 1994-95 under the Jawahar Rozgar Yojana, district-wise;

(b) whether the amount provided to Madhya Pradesh for Rural and. Tribal Development is adequate as per requirements to promote employment in tribal areas ; and

(c) if so, the details thereof and if not, whether Government propose to allocate more amount during the financial year 1994-95 to each district of the State ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) The total central funds provided for implementation of Jawahar Rozgar Yojana (JRY) to Madhya Pradesh (MP) during 1991-92, 1992-93 and